## एक नजर में

### जनसुनवाई में 44 आवेदकों की सुनी समस्याएं



**नीमच।** जिला पंचायत सी.ई.ओ.श्री अमन वैष्णव एवं अपर कलेक्टर बी.एस.कलेश ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में जनसुनवाई करते हुए 44 आवेदकों की सुनी समस्याएं और निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई में गिरदौड़ा के गोपाल, पिपल्याघोटा के किशोर, रामपुरा के माणकलाल, लेवड़ा की संगीता, गिरदौड़ा के गोपाल यादव, चेनपुरा के मेजरसिह, नीमच के दिलीप पुरोहित, बघाना के महेश कटारिया, कानका के दिनेशचंद्र, जावद के नेमीचंद, पालसोडा की कविता प्रजापत, घसूंडी बामनी की भारती बाई, मनासा की बरखा कछावा, डीकेन की मधु पाटीदार, अरनिया मामादेव के कारूलाल ने भी अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। इसी तरह भरभडिया के शंभुलाल धनगर, चीताखेड़ा की धापुबाई, तुम्बा के बंशीलाल नागदा, आमलीभाट के हरिश, मदनदास, ग्वालटोली के राजा, नीमच सिटी के प्रहलादसिह, जयसिंगपुरा के नानूराम, गोविंदपुरा के चांदमल, राजीव नगर नीमच के अनिल कुमार, नीमच के अंसार अली, ग्वालटोली के लालचंद्र, जावी के रमेश पाटीदार, ग्वालटोली के दिनेश, नीमच सिटी के राधेश्याम, पिपलिया गुर्जर के राजू, मनोहर, ने भी अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जनसुनवाई में प्रस्तुत किए।

### भारत विकास परिषद नीमच का दीपावली मिलन समारोह

**नीमच।** भारत विकास परिषद नीमच द्वारा दीपावली मिलन समारोह का आयोजन रविवार रात को किया गया। यह समारोह शहर के नीमच सिटी रोड स्थित सुंदरम मैरिज गार्डन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर भगवान राधा-कृष्ण का मनमोहक दरबार सजाया गया था। मनासा के भजन सम्राट पंकज तिवारी ने अपने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। भजनों की धुन पर संस्था के सभी सदस्य देर रात तक नाचते-झूमते रहे। कार्यक्रम में बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। बच्चों ने विभिन्न वेशभूषाओं में प्रदर्शन किया, और बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। समारोह में संस्था अध्यक्ष रवि पोरवाल, सचिव पिंटू शर्मा, कोषाध्यक्ष संदीप दरक, संतोष चोपड़ा और मनीष चमड़िया सहित अन्य पदाधिकारी मंच पर उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मनोज माहेश्वरी ने किया। उपस्थित सभी सदस्यों ने देर रात तक भजनों का आनंद लिया और एक-दूसरे को दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### नीमच जिले में पिछले 24 घंटों में 56.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज


**नीमच।** जिले में 28 अक्टूबर को प्रात:8 बजे की स्थिति में पिछले 24 घण्टों में औसत 56.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। नीमच में 20 मि.मी., जावद में 65 मि.मी., मनासा में 70 मि.मी. एवं सिंगोली में 70.1 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जिले में चालू वर्षाकाल में एक जून को अब तक 1241.8 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। नीमच में 1164.5, जावद में 1216 मि.मी., मनासा में 1087 मि.मी. एवं सिंगोली में 1499.9 मि.मी. वर्षा हुई है। जबकि गत वर्ष इस अवधि में जिले में 1050.6 मि.मी.औसत वर्षा हुई थी। नीमच में 918 मि.मी., जावद में 1165 मि.मी. एवं मनासा में गत वर्ष 969 मि.मी.वर्षा दर्ज की गई थी।

### टेंट व्यवसाय कर, आत्मनिर्भर बना श्यामलाल



**नीमच।** म.प्र.शासन व्दारा अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए संचालित भगवान बिरसामुण्डा स्वरोजगार योजना नीमच जिले की जावद जनपद के गांव कोज्या निवासी श्याम लाल पिता लालुराम को स्वरोजगार उपलब्ध करवाकर, आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में काफी मददगार साबित हुई हैं। कोज्या निवासी अनुसूचित जनजाति के श्यामलाल भील को जब उक्त स्वरोजगार योजना के बारे में बता चला, तो उसने जनजातीय कार्य विभाग के जिला कार्यालय नीमच से संपर्क कर, योजना के तहत आवेदन किया। श्यामलाल को भारतीय स्टैंट बैक सिंगोली शाखा से टेंट एवं माईक साउण्ड व्यवसाय के लिए अक्टूबर 2024 में एक लाख 68 हजार रूपये का ऋण मिला। इससे श्यामलाल ने टेंट सामग्री खरीदी। वह अपने टेंट हाउस का सफल संचालन कर, प्रतिमाह लगभग 15 हजार रूपये कमा रहा हैं। श्यामलाल, भगवान बिरसामुण्डा स्वरोजगार योजना से मिले लाभ के लिए प्रदेश सरकार व मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव को धन्यवाद दे रहा हैं।

### पोखरदा में नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर




**नीमच।** शासकीय आयुर्वेद औषधालय मनासा द्वारा मंगलवार को नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर पोखरदा में आयोजित किया गया। शिविर में आमवात, संधिवात, उदर रोग, विबंध, श्वास, कास, प्रतिशाय, रक्त अल्पता, मधुमेह आदि बीमारियों की जांच कर निशुल्क औषधीयां वितरित की गई। शिविर में कुल 39 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस मौके पर डॉ.मदनलाल पाटीदार ने अपनी सेवाएं दी। शिविर में प्रधानाचार्य श्री राकेश पुरोहित, माध्यमिक शिक्षक श्रीमती विनीता सारू, ज्योति भट्ट, मंजू शर्मा ने भी आवश्यक सहयोग किया।

### सर्पदंश पीड़ितों को 12 लाख की आर्थिक सहायता

**नीमच।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व उपखण्ड मनासा किरण आंजना द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र भाग6(4) के तहत सर्पदंश पीड़ित तीन पीड़ित परिवारों को 12 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। हासपुर निवासी भोनीशंकर पिता बालमुकुंद की 9 जुलाई 2025 को साप के काटने से मृत्यु हो जाने पर मृतक की वारिस पत्नि कांतिबाई को 4 लाख रूपये, गफार्डा निवासी संगीता कुमारी पति देवीलाल भील की 3 जुलाई 2025 को साप के काटने से मृत्यु हो जाने पर मृतका के वारिस पति देवीलाल को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। इसी तरह बर्डियाजागीर निवासी कमलाबाई बैवा किशननाथ योगी की 6 अगस्त 2025 को साप के काटने से मृत्यु हो जाने पर मृतका के वारिस बगदुनाथ पिता किशननाथ को 4 लाख लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

# सीआरपीएफ जवान के परिवार की सुरक्षा पर सवाल, पड़ोसियों पर गुंडागर्दी और हमले के आरोप

▶ **पीड़िता ने कलेक्टर-एसपी से लगाई न्याय की गुहार**



**नीमच। देश की सेवा में तैनात एक सीआरपीएफ जवान के परिवार की सुरक्षा पर अब सवाल उठने लगे हैं। नीमच शहर की पुरानी नगरपालिका क्षेत्र में रहने वाली मंजू पति सदाबहार सिंह ने क्लेक्टर व पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर आरोप लगाया है कि उनके पड़ोसी ओमप्रकाश कंडारा, उसके परिजन और साथी आए दिन उनके परिवार को परेशान कर रहे हैं।**

दीपावली के दिन 20 अक्टूबर 2025 को इन लोगों ने मंजू और उनके परिवार के साथ मारपीट की थी। इस घटना की रिपोर्ट उनके द्वारा पुलिस थाना नीमच कैंट में दर्ज कराई गई थी, जिस पर अपराध क्रमांक 516/2025 कायम किया गया है।मंजू ने बताया कि घटना के अगले ही दिन यानी 21 अक्टूबर 2025 की शाम करीब सात बजे ओमप्रकाश कंडारा का रिश्तेदार दिलीप उनके घर के बाहर आया और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। कुछ देर बाद उसने अपने साथियों को बुला लिया और सभी ने मिलकर घर को घेर लिया, पत्थरबाजी की, दरवाजे पर लात-घूसे मारे और पीछे के दरवाजे को तोड़ने की कोशिश की।

भयभीत परिवार ने तत्काल 100 डायल और 112 पर सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक सभी आरोपी अपने घरों में जाकर छिप गए।पीड़िता ने बताया कि पूरी घटना उनके घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद है, जिसकी फुटेज उन्होंने शिकायत के साथ पुलिस को सौंप दी है। मंजू के अनुसार, उनका पति देश सेवा में होने के कारण अक्सर घर से बाहर रहते हैं और इस वजह से आरोपी परिवार के सदस्य और उनके साथी लगातार गुंडागर्दी और डराने-धमकाने की हरकतें कर रहे हैं। इससे पूरा परिवार डरा और सहमा हुआ है।पीड़िता ने मामले की शिकायत कलेक्टर और एसपी जनसुनवाई में भी की है।

वहीं पुलिस ने इस मामले में ओमप्रकाश कंडारा, ज्योति, प्रशांत बारिया, विवेक मंडवारिया और लोकेश के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2) (जान से मारने की धमकी), 296 (गाली-गलौज एवं शांति भंग), 351(3) (आक्रमण) और 3(5) (सामूहिक अपराध में सहभागिता) के तहत मामला दर्ज किया है। हालांकि प्रकरण दर्ज होने के बावजूद अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है, जिसके चलते उनके हौसले और भी बुलंद हो गए हैं। पीड़िता ने प्रशासन और पुलिस से निवेदन किया है कि देश की रक्षा करने वाले जवान के परिवार को भी सुरक्षा दी जाए और आरोपी तत्वों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि परिवार को न्याय और सुरक्षा मिल सके।



## श्री सत्यसाई बाबा के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आज दिव्य रथ का मंदसौर होगा आगमन

▶ **14 नवम्बर तक जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर देगा भक्तों को दर्शन**

**मन्दसौर।** श्री सत्यसाई बाबा के अवतरण के 100वे वर्ष में प्रवेश करने पर यह साल जन्म शताब्दी वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसी के तहत श्री सत्यसाई सेवा समिति मंदसौर द्वारा भगवान पशुपतिनाथ और माता शिवना की मन्दसौर जिले में बाबा सत्यसाई का दिव्य रथ 29 अक्टूबर से 14 नवम्बर तक विभिन्न क्षेत्रों में भक्तों के दर्शन हेतु भ्रमण करेगा।

समिति जिलाध्यक्ष डी.सी. सक्सेना ने बताया कि दिव्य रथ मंदसौर में आज 29 अक्टूबर सुबह 11.30 बजे नामली से स्टेशन रोड स्थित वेयरहाउसिंग के पास बालाजी और साई मंदिर में आगमन हो रहा है। मंदसौर शहर में दिनांक 7 नवंबर तक रहने के बाद नवंबर 8 और 9 को मल्हारगढ़ व नीमच जाएगा। मंदसौर ग्रामीण क्षेत्र में 14 नवंबर तक रहने के बाद 15 नवंबर को इंदौर के लिए प्रस्थान करेगा।

मंदसौर में 29 नवंबर से 7 नवंबर तक सायंकालीन कार्यक्रम बालाजी साई मंदिर स्टेशन रोड दशरथ नगर में होंगे।

समिति ने सभी सत्य साई भक्तों से निवेदन किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर धर्मलाभ प्राप्त करें।

## विश्वकर्मा जी सोशल केयर एसोसिएशन ने मनासा में बनाया आरआरआर सेंटर

▶ **गरीब जरूरतमंदो की मदद हेतु जुटा रहे उनी वस्त्र**

**मनासा। विश्वकर्मा जी सोशल केयर एसोसिएशन (एनजीओ संस्था) द्वारा कोर्ट के सामने तोतला सेव के पास जनपद पंचायत काम्पलेक्स मनासा में आर. आर. आर. सेंटर स्थापित किया गया है। यहां नगर एवं आसपास के ग्रामीण अपने घरों का अनपुयोगी सामान जैसे पुराने कपड़े, जूते, चप्पल, प्लास्टिक, किताबे, कम्बल स्वेटर मौजे, दस्ताने, मफलर, खिलौने, साडिया आदि जो किसी जरूरतमंद के लिए उपयोगी हो सकते है आप उन्हे विश्वकर्मा जी सोशल केयर एसोसिएशन को सौंप सकते है।**




इसके लिए एनजीओ संस्था ने मनासा में आर.आर.आर. सेंटर की स्थापना की है। 28 अक्टूबर को संस्था के डायरेक्टर कमलेश कारपेंटर, सचिव लक्ष्मीनारायण उपाध्याय, कोषाध्यक्ष सोनू शर्मा की उपस्थिति में शुभारंभ किया गया। शुभारंभ पर मनासा विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत खानखेड़ी से विष्णु चौहान ने उक्त सेंटर पर पुराने कपड़े जमा कराएं। भाटखेड़ी के अनिल कारपेंटर भी गरीब जरूरतमंदों की सेवा करने पहुंचे। उन्होने भी आर.आर.आर सेंटर पर जूते, चप्पल, कपड़े सौंपे। विश्वकर्मा जी सोशल केयर एसोसिएशन के डायरेक्टर कमलेश कारपेंटर ने बताया मनासा नगर और आसपास के गांवों में भ्रमण कर भी संस्था सदस्यों द्वारा घरों का अनपुयोगी सामान जैसे पुराने कपड़े, जूते, चप्पल, प्लास्टिक, किताबे, कम्बल स्वेटर मौजे, दस्ताने, मफलर, खिलौने, आदि जो किसी जरूरतमंद के लिए उपयोगी हो सकते है उन्हें एकत्र किया जाएगा। प्राप्त सामग्री को बाद में गरीब और जरूरतमंद तक पहुंचाई जाएगी।

संस्था सचिव लक्ष्मीनारायण उपाध्याय ने बताया आर.आर.आर. सेंटर गरीब जरूरतमंद के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र है। समस्त नागरिकों से अपील है जो आपके लिए अनुपयोगी सामग्री है लेकिन किसी गरीब जरूरतमंद के लिए उपयोगी बन सकती है वह आप सेंटर पर जमा कराए। साथ ही जिन जरूरतमंद गरीब को ठंड से बचने के लिए उनी वस्त्र, कपड़े की जरूरत है वह विश्वकर्मा जी सोशल केयर एसोसिएशन के आर.आर.आर. सेंटर से प्राप्त कर सकते है। गरीब जरूरतमंद के लिए शुरू किया गया यह केंद्र प्रतिदिन खुला रहेगा।

## तुम इतना जो मुस्कुरा रहे हो, क्या गम है जिसको छुपा रहे हो

▶ **दशपुर रंगमंच ने 'एक शाम दिव्यांश वर्मा' एक यादगार संगीत संध्या आयोजित की**



**मन्दसासैर। नगर की सांस्कृतिक संस्था दशपुर रंगमंच ने अपने मंच पर विलक्षण गायक दिव्यांश वर्मा को समर्पित एक शाम दिव्यांश वर्मा नामक संगीत संध्या का आयोजन किया। वॉइस ऑफ़ इंडिया के गायक दिव्यांश वर्मा द्वारा सुनाए चुनिंदा गीतों ने उपस्थित संगीत प्रेमियों को बांधे रखा। साथ ही उपस्थित कलाकारों की विविध प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को रंग-बिरंगा बना दिया।**

इस संगीत संध्या का आरंभ दिव्यांश वर्मा द्वारा उनके स्वरों में तेरे मेरे मिलन की ये रैना से हुआ। आगे उन्होंने मधुर गानों की एक से बढ़कर एक झड़ी लगा दी जिसमें मेरे डोलना सुन मेरे प्यार की धुन, तुम इतना जो मुस्कुरा रहे हो, क्या गम है जिसको छूपा रहे हो, ये पहला पहला प्यार है मेरा, क्या हुआ तेरा वादा, तेरी झलक असर्फी, तुम्हारी जुल्फ़ के साये मैं शाम कर लूंगा, बड़ी सुनी सुनी है ये ज़िंदगी, तेरे मेरे सपने अब एक रंग हैं, कुछ तो लोग कहेंगे, लोगों का काम है कहना सुनाकर संगीत संध्या को बड़ा ही खुबसूरत बनाया।

साथ ही, दशपुर रंगमंच के कलाकारों ने भी उनका साथ देते हुए गीत सुनाये। जिसमें आबिद शाह ने मैं निगाहें तेरे चेहरे से हटाऊं कैसे गीत गाया, अभय मेहता ने प्रस्तुत किया चाँद आहे भरेगा, डॉ. ज्योति शुक्ला ने तुम्हीं मेरे मंदिर तुम्हीं मेरी पूजा गीत सुनाया। आरक्षक नरेंद्र सागोरे ने चिंगारी कोई भड़के गीत में अपने स्वर दिए। हिमांशु वर्मा एवं काजल वर्मा ने और नहीं कुछ तुमसे कहना जीवन साथी गीत में सुंदर ताल-मेल दिखाया। स्वाति रिच्छावरा ने भावपूर्ण अंदाज में इस ज़माने ने इस मोहब्बत ने कितने दिल तोड़े गीत पेश किया।

कार्यक्रम का संचालन अभय मेहता ने किया एवं अंत में ललिता मेहता ने आभार व्यक्त किया।

## वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन के साथ ही समाज के युवाओं में अनुशासन आज की आवश्यकता है : चौहान

▶ **श्रीकृष्णानन्द गुजराती सेन समाज कल्याण संस्था द्वारा श्रीमती रामकुँवर बाई भाटी को प्रतिकृति चिन्ह भेंट कर श्रद्धांजली अर्पित की**

**मंदसौर।** सेन समाज के युवाओं को वरिष्ठजनो के मार्गदर्शन के साथ ही समाज मे प्रचलित अनुशासन का पालन करते हुए अपना हुनर दिखाना है उक्त बात सेन समाज के युवा अध्यक्ष श्री चौहान ने गरोठ के शोकाकुल भाटी परविर मे आयोजित पगड़ी कार्यक्रम मे व्यक्त किये। श्रीकृष्णानन्द गुजराती सेन समाज कल्याण संस्था द्वारा गरोठ के ग्राम देथली बुजुर्ग में राम कुवंर बाई भाटी के पगड़ी कार्यक्रम में प्रतिकृति चिन्ह भेंट कर श्रद्धांजली अर्पित कर परिवार को शोक संवेदना सदेश तस्वीर देकर शोक व्यक्त किया। संस्था के युवा अध्याक्ष संजय चौहान द्वारा बताया कि श्रीमती भाटी द्वारा शिक्षा के क्षेत्र मे सहयोग प्रदान अपने पुरे परिवार सहित समाज के अन्य युवाओं को शिक्षित कर रोजगार की राह दिखाई। श्री चौहान ने कहा कि वरिष्ठजनो के मार्गदर्शन के साथ ही समाज के युवाओं में अनुशासन आज कि आवश्यकता है। समाज के युवाओं को समाज सेवा में आगे आकर समाज में अपना परिचय देते हूए समाज विकास के कार्य करना चाहीएं। संस्था के अध्यक्ष बलराम राठौर द्वारा बताया कि युवाओं में बताया कि समाज के युवा संजय चौहान का तीन वर्षीय कार्यकाल स्नेह एवं समनव्य स्थापित करने में अग्रणी रहा है। संजय चौहान जैसे युवा समाज में एक नई उर्जा के साथ ही सेन समाज केश शिल्पयों साथ कदम से कदम मिलाकर खड़े रहते है। शासन द्वारा केश शिल्पीयों के लिये चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के जानकारी के साथ समय समय पर योजना का लाभ दिलाने का कार्य करते है।

**एक नजर** ▶ **मोबाईल, टीवी के एडीक्शन से सचेत कर छात्रों को लक्ष्य प्राप्ति के लिए जागृत किया**

# 800 विद्यार्थियों को 'डिजिटल डिटॉक्स' कार्यक्रम देकर प्रो.गिरीश ने लाभान्वित किया

**नीमच।** "हम सारे दिन में जो भी अच्छा या बुरा लगातार करते हैं मस्तिष्क उसको नहीं जानता किन्तु उन कार्यों को आगे के लिए सरल करता जाता है और ब्रेन एक इनसाईड पाथ वे बना देता है, यही हमारी एडिक्शन अर्थात आदत बन जाती है। यदि रात को थक कर रिलेक्स होने के लिए मोबाईल देखकर सोना चाहते हैं तो ब्रेन रिलेक्स होने के बजाए सुपर एक्टिव हो जाता है तथा रात्रि को नींद के लिए आवश्यक हारमोन 'मेलाटॉनिन' का बनना एकदम कम कर देता है, जिससे आगे चलकर अनिद्रा की बीमारी बढ़ती चली जाती है। स्क्रीन की ब्लू लाईट आंखों पर दुष्प्रभाव डालती है जिसका मस्तिष्क पर भी बहुत बुरा असर होता है।" उपरोक्त जानकारियाँ सेकेण्डरी स्कूल 800 से अधिक विद्यार्थियों को दो सेशन के कार्यक्रमों में प्रोफेसर ई.वी.गिरीश ने अपने उद्बोधन से प्रदान की। प्रोफेसर गिरीश ने हंसी और खेल खेल में विद्यार्थियों को 'मार्शमेलो इफेक्ट' से अवगत करवाया जिसमें खाने की स्वादिष्ट मिठाई देकर आत्म नियंत्रण का परीक्षण किया गया। कुछ ने तुरंत खाई, कुछ ने थोड़े समय बाद लेकिन कुछ विद्यार्थियों ने आत्मनियंत्रण रखकर पुरूस्कार जीतने तक नहीं खाई। इन सभी का कुछ वर्षों बाद सर्वे करने पर पता चलता है कि आत्म नियंत्रण वाले विद्यार्थी सर्वाधिक सफल पाए गए। उनका आत्मनियंत्रण मेडिटेशन के परिणाम स्वरूप था।



प्रोफेसर ई.वी.गिरीश ने आज की पीढ़ी के स्वभाव को समझाते हुए बताया कि ये वर्ग इंस्टेंट ग्रेटिफिकेशन अर्थात परिणाम चाहे जो हो उनके मन को तत्काल संतुष्टि चाहिए, इसीलिए फास्ट फूड, विभिन्न प्रकार के नशे के आदि होकर अपने जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं। आपने सभी विद्यार्थियों को शार्प मेमोरी का खेल खिलाते हुए 15 चीजों के नाम सुनाऐ जिन्हें अपने ब्रेन में नोट कर रिपीट करना था, किन्तु उसमें कोई विद्यार्थी पास नहीं हुआ, तब प्रोफेसर गिरीश ने इन्हीं चीजों को एक छोटी सी स्टोरी से जोड़कर सुनाया तो लगभग सभी विद्यार्थी उन चीजों के नाम दोहराने में सफल हुए। आपने लोकप्रिय ओटीटी प्लेटफार्म नेटफ्लिक्स के सी.ई.ओ. का उदाहरण देकर बताया कि नेटफ्किक्स की सबसे बड़ा प्रतिद्वंदी नींद है, इसलिए अपने एपिसोड ऐसे बनाते हैं जिससे अगले एपीसोड का बेताबी से इंतजार रहता है। और इस प्रकार सोश्यल मिडिया हमारे स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है। प्रोफेसर गिरीश ने सबको सावधान करते हुए समझाया कि आज की छात्र पीढ़ी के लिए स्कूलों में आध्यात्मिक कार्यक्रमों को प्राथमिकता दी जानी चहिए, क्योंकि हर विद्यार्थी स्कूल से मिला सबक उम्रभर याद रखता है।

> एक रिसर्च का हवाला देकर प्रो.गिरीश ने बताया कि ब्रह्ममुहुर्त्त में 3.30 बजे से 4.30 बजे के मध्य मस्तिष्क में बेस्ट हार्मोन्स उत्सर्जित होते हैं। यदि उस समय जागृत अवस्था में मेडिटेशन किया जाए तो स्वास्थ्य को बहुत लाभ मिलता है। इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले कार्मल कान्वेंट और क्रिएटिव माइण्ड स्कूल के लगभग 800 सेकेण्डरी विद्यार्थियों से प्रोफेसर गिरीश ने गुरूदक्षिणा के रूप में पांच वचनों की मांग की जिसमें पहली अपनी माँ से रोज एक बार प्यार से लिपट जाना, दूसरा अपने पापा के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लेना, तीसरा रात को सोते समय और सुबह उठते समय परमात्मा का स्मरण कर उनसे गुडनाईट और गुडमार्निंग करना, अपने स्कूल के शिक्षकों और स्टॉफ से आदर पूर्वक नमस्ते करना तथा पांचवा अपने छोटे भाई बहनों से लड़ाई झगड़ा न करके प्यार से व्यवहार करना..।